-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मोटरसाइकिल से खतरनाक स्टंट करने वाले युवक पर बांदा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही। पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल को किया गया सीज।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.05.2025 को सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो डालने वाले युवक के मोटरसाइकिल को सीज कर दिया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर निगरानी के दौरान मीडिया सेल के संज्ञान में एक वीडियो आया था जिसमें एक युवक मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट कर रहा था। वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की गई जिससे ज्ञात हुआ कि युवक का नाम रमजान पुत्र अल्लादीन है और वह कोतवाली नगर क्षेत्र के परशुराम तालाब का रहने वाला है। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए युवक का यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर मोटरसाइकिल को सीज कर दिया गया तथा युवक के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। आमजनमानस से अपील है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह जानलेवा हो सकता है। कृपया सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।